
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 12.12.2022 से 17.12.2022)




भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर भी अपनाएगा हरियाणा की परिवार पहचान पत्र योजना

(दिनांक 12.12.2022)

**प्रभाव :** सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ कम से कम मानव हस्तक्षेप के सीधे लोगों को मिले इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री जी ने एक बड़ी पहल करते हुए परिवार पहचान पत्र, पीपीपी की एक अनोखी योजना आरंभ की है जो शायद देश के किसी राज्य में नहीं है। उत्तराखंड राज्य पहले ही हरियाणा की तर्ज पर परिवार पहचान पत्र बनाने की कार्य प्रणाली का अध्ययन कर चुका है। अब जम्मू कश्मीर ने भी इस योजना को अपनाने की पहल की है। परिवार पहचान पत्र पर तो उत्तराखंड व जम्मू कश्मीर के अखबारों ने लेख भी लिखे हैं। इस कड़ी में उप–राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने गत दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में परिवारों का प्रामाणिक सत्यापित और विश्वसनीय डाटाबेस तैयार करने के लिए डिजिटल जम्मू कश्मीर दृष्टि पत्र जारी किया है।




जिसके तहत हरेक परिवार को फैमिली आईडी नाम से एक अनूठा कोड दिया जायेगा।

हरियाणा सरकार की कई योजनाओं को आज देश के विभिन्न राज्य अपना रहे है। यह इस बात का भी प्रतीक है कि हरियाणा सुशासन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। और बाकी राज्यों को भी सहयोग कर रहा है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुजरात मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह

(दिनांक 12.12.2022)

**प्रभाव :** श्री भूपेंद्र पटेल जी ने आज गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में 16 मंत्रियों के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने दूसरी बार मुख्यमंत्री बने श्री भूपेंद्र पटेल जी को उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी।





# मंत्रिमंडल की बैठक

(दिनांक 14.12.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें हरियाणा प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये–

## हरियाणा सिविल सेवा अवकाश नियम 2016 में संशोधन को मंजूरी

हरियाणा सिविल सेवा अवकाश नियम 2016 में संशोधन को मंजूरी दी गई। जिसके तहत अब एकल पुरुष सरकारी कर्मचारी को भी दो साल की बाल देखभाल छुट्टी की अनुमति होगी। संशोधन के अनुसार एकल पुरुष सरकारी कर्मचारी अविवाहित विधुर या तलाकशुदा और महिला सरकारी कर्मचारी केवल 18 वर्ष की आयु तक के अपने दो बड़े जीवित बालकों की देखभाल के लिए संपूर्ण सेवाकाल के दौरान अधिकतम दो साल यानी 730 दिन की अवधि के लिए चाइल्ड केयर लीव का लाभ उठा सकते हैं।

## हरियाणा चौकीदारा चौकीदार नियम 2013 में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा चौकीदारा चौकीदार नियम 2013 में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कि। जिसमें उपायुक्त द्वारा पारित आदेशों के विरुद्ध अपीलीय प्राधिकरण का प्रावधान करना और ग्रामीण चौकीदारों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि ईपीएफ का लाभ देना है।

**विभागों के विलय के प्रस्ताव को मिली मंजूरी**

हरियाणा में विभिन्न विभागों के कामकाज में बेहतर तालमेल लाने और कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक दक्षता में सुधार के लिए उद्देश्य से एक ही प्रकार की कार्य प्रकृति वाले कुछ विभागों का विलय एवं पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है। निदेशालयए यूटिलिटीज और प्राधि. करण पहले की तरह काम करते रहेंगे। वरिष्ठता के कानूनी मुद्दों से बचने के लिए वर्तमान में किसी भी कर्मचारी काडर का विलय नहीं किया जाएगा।

निर्णय के अनुसार अब नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभा को विद्युत विभाग के साथ विलय किया गया है और विभाग का नाम बदलकर ऊर्जा विभाग किया गया है।

अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का विलय करने के बाद इनका नाम इनका बदलकर सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय विभाग किया गया है।

उच्चतर शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का विलय एक सिंगल विभाग में किया गया है। इस विभाग का नाम उच्चत्तर शिक्षा विभाग किया गया है।

पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग का पर्यटन विभाग में विलय किया गया है। इस विभाग का नाम बदलकर हैरिटेज और पर्यटन विभाग किया गया है।

वन एवं वन्य जीव विभाग तथा पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का विलय




कर इसका बदलकर पर्यावरण वन एवं वन्यजीव विभाग किया गया है।

कला एवं संस्कृति विभाग का विलय सूचनाए जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के साथ किया गया है इसका नाम बदलकर सूचनाए जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग किया गया है।

खेल विभाग से केवल युवा मामलों के घटक को निकाल कर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग और रोजगार विभाग के साथ विलय किया गया है। विलय करने के बाद विभाग का नाम युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमशीलता विभाग किया गया है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

नया विभाग कौशलए प्रशिक्षण व कौशल शिक्षा सहित युवा मामलों को व्यापक रूप से देखेगा।


इलेक्ट्रॉनिक और आईटी उद्योग सभी प्रकार की औद्योगिक गतिविधियों से मजबूती से जुड़ा हुआ है। इसलिए राज्य सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को भंग करने और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण तथा निजी आईटी को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के दायरे में लाने का फैसला किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के वर्तमान कार्यों को विभिन्न मौजूदा विभागों को आवंटित किया गया है।

इसके तहत आईटी उद्योग से संबंधित कार्य विषयों को उद्योग विभाग को पुनः आवंटित किया गया है। ई–गवर्नेंस से जुड़े कार्य विषयों और परियोजनाओं शासन में आईटी के उपयोग को नागरिक संसाधन सूचना विभाग को फिर से आवंटित किया जाना जाएगा। हारट्रोन एक इकाई के रूप में रहेगा और उद्योग विभाग को आवंटित किया जाना चाहिए। निगरानी एवं समन्वय विभाग और प्रशासनिक सुधार विभाग को एक मौजूदा विभाग जोकि सामान्य प्रशासन विभाग में विलय कर दिया गया है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग हरियाणा लोक सेवा आयोगए सीईटी के संबंध में नीतियांए जो पहले मानव संसाधन विभाग को हस्तांतरित किए गए थे उन्हें वापस ले लिया जाएगा और सामान्य प्रशासन विभाग को सौंप दिया जाएगा। आपूर्ति एवं निपटान निदेशालय को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग से वित्त विभाग में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

चकबंदी विभाग तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का विलय कर दिया गया है और इसका नाम बदलकर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग किया गया है। इसके अलावा फायर सर्विस फायर सेफ्टी निदेशालय को शहरी स्थानीय निकायों से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में स्थानांतरित किया जाएगा।

# हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण

(दिनांक 15.12.2022)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस बार हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन भारत देश में हो रहा है। यह सभी भारतीयों के लिए गौरव की बात है। 13 से 29 जनवरी तक उड़ीसा के भुवनेश्वर में हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री जी ने आज यहां फेडरेशन ऑफ इंडिया हॉकी की वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण किया। ट्रॉफी अनावरण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारतीय हॉकी टीम में हरियाणा के पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह न केवल प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए बल्कि प्रदेशवासियों के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने आशा जताई कि अबकी बार भारतीय हॉकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी और अवश्य ही हॉकी वर्ल्ड कप जीतेगी। उन्होंने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने नारा दिया कि खेलेगा इंडिया जीतेगा इंडिया जीतेगी हॉकी जिसे देश के खिलाड़ी

पूरी तन्मयता से पूरा करेंगे ऐसा उनका विश्वास है।

उन्होंने कहा कि हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है तथा वर्ष 1975 में हॉकी के जादूगर सम्राट ध्यानचंद के नेतृत्व में भारत ने हॉकी वर्ल्ड कप जीता था। महिलाओं और पुरुषों की हॉकी टीमों ने कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है और हमारी टीमें पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने कहा कि इस बार पूरे देश की नजरे हॉकी पर टिकी हुई हैं और हमारी टीम अवश्य ही हॉकी वर्ल्ड कप जीतेगी और देश को गौरवान्वित करेंगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 15.12.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने हाई पावर पचरेज कमेटी में पावर, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास,पुलिस खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित कई विभागों की लगभग 663 करोड़ रुपए की राशि की 18 खरीद प्रक्रिया को मंजूरी दी।

हाई पावर परचेज कमेटी में आगामी शिक्षा सत्र के लिए पहली से 5वीं तथा कक्षा 6 से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए किताबें खरीदने के अलावा प्ले वे स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए खिलौने एवं किताबें खरीदने को स्वीकृति प्रदान की।

इसके साथ ही पुलिस कृषि विभाग सिंचाई विभाग के लिए 152 बोलेरों गाड़ियों को खरीदने तथा खाद्य एवं पूर्ति विभाग के लिए फोर्टीफाईट चावल की खरीद की भी मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक में की गई खरीद से सरकार को लगभग 20.22 करोड़ रुपए की बचत हुई है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस प्रकार हाई पावर परचेज कमेटी की



बैठक में सीधे रूप से विक्रेताओं से बाचतीत करके पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ कार्य किया जाता है। बैठक में संबंधित विभागों के मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होते हैं। हर प्रकार की नैगोशिएशन में वैण्डरों से बातचीत करके बाजार एवं पिछली खरीद की तुलना करके ही निर्णय लिया जाता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आपूर्ति एवं निपटान विभाग की खरीद आदि का कार्य सीधा वित से सीधा जुड़ा हुआ होता है। इसलिए आपूर्ति एवं निपटान विभाग को वित विभाग से जोड़ा गया है।

# औद्योगिक क्रांति की ओर राज्य के बढ़ते कदम

(दिनांक 17.12.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरित क्रांति का सिरमौर रहा हरियाणा अब औद्योगिक क्रांति की ओर अग्रसर है। सरकार ने सड़क, रेल, हवाई के आधारभूत ढांचे को विकसित करने पर विशेष फोकस देकर कुंडली –मानेसर– पलवल एक्सप्रेस वे के साथ साथ कई नए औद्योगिक शहर विकसित करने की कवायद भी तेज की है।

कुंडली–मानेसर–पलवल एक्सप्रेस वे के बाद 5618 करोड़ रुपये की लागत से पलवल–सोनीपत–डबल लाइन हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के निर्माण का कार्य आरंभ होने से दिल्ली के व्यापारियों ने भी हरियाणा का रूख किया है। के.एम.पी के साथ–साथ पंचग्राम अवधारणा के साथ 5 नए शहर बसाने का खाका तैयार करने का कार्य जारी है जो वर्ष 2041 की संभावित जनसंख्या को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इन नए शहरों के बसने से दिल्ली में न केवल जनसंख्या घनत्व कम होगा बल्कि दिल्ली के उद्योग भी इन शहरों में शिफ्ट करेंगे। हरियाणा में पिछले 8 वर्षों में सड़क रेल व हवाई तंत्र के आधारभूत ढाँचे को विकसित करने पर विशेष फोकस किया गया है।

दिल्ली की होलसेल मार्केट आजादपुर सब्जी मंडी व मसाला मंडी के व्यापारी हरियाणा में तलाश रहे हैं संभावनाएं

हरियाणा में के.एम.पी. चालू होने के बाद इसके दोनों ओर पंचग्राम की नई अवधारणा के तहत 5 नए शहर विकसित करने की एक महत्वकांक्षी योजना पर कार्य चल रहा है।

इस परियोजना से दिल्ली के व्यापारी हरियाणा में अपना व्यवसाय बढ़ाने की संभावना तलाशने लगे हैं जिसमें मुख्य रूप से होलसेल मार्केट आजादपुर सब्जी मंडी व मसाला कारोबार से जुड़े

# साप्ताहिक सूचना पत्र

व्यापारी शामिल हैं। आज इज ऑफ़ डूइंग बिजनेस व इज ऑफ़ लिविंग इंडेक्स में हरियाणा ने नई ऊंचाइयों को छुआ है।

जिसके चलते देश. विदेश का हर निवेशक हरियाणा में आना चाहता है। विश्व की 400 से अधिक फार्च्यून कंपनियों ने तो गुरुग्राम में ही अपना कारोबार पहले ही स्थापित कर लिया है।

मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से जहां आज कारोबारियों को कारोबार करने के लिए अनुकूल माहौल मिल रहा है वहीं व्यापार से जुड़ी सभी सुविधाओं को ऑनलाइन करने और एक ही छत के नीचे उपलब्ध होने से हरियाणा व्यवसायियों की पहली पसंद बन गया है।

